**मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून के कार्यालय आदेश संख्या 1710/5-2-2 (ब) दिनांक 20 दिसम्बर 2011 के द्वारा गठित चयन समिति की परियोजना निदेशक, प्रशासन के आदेश संख्या 1529/5-2-2 (ब)/ 2012-13 दिनांक 06-02-2013 के कम चयन समिति की बैठक दिनांक 07-02-2013 का कार्यवृत्त।**

1. उत्तराखण्ड जलागम विभाग लिपिक वर्गीय कर्मचारी सेवा नियमावली, 2009 की धारा 16 एवं 17 के अनुसार चयन समिति का वर्तमान स्वरूप निम्नवत् है:-

   1) परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध परियोजना, गढ़वाल क्षेत्र मुनिकीरेती — अध्यक्ष।
   2) परियोजना निदेशक, प्रशासन,जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून — सदस्य।
   3) मुख्य वित्त अधिकारी, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून — सदस्य।
   4) उप निदेशक, ई0एस0ए0, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून — सदस्य सचिव।
   5) श्री डी0 एस0 नेगी, डिप्टी कलैक्टर देहरादून (जिलाधिकारी, देहरादून द्वारा नामित) — सदस्य।

2. उक्त के अतिरिक्त कार्यालय के अभिलेख प्रस्तुत करने एवं पुष्टि करने हेतु निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त किया गया :-

   1) श्री राजेन्द्र सिंह पंवार, मुख्य सहायक।
   2) श्री भगवान सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी।
   3) श्री जे0पी0 तिवारी, उप निदेशक, मुख्यालय देहरादून।

3. **जलागम प्रबन्ध निदेशालय के अंतर्गत प्रशासनिक अधिकारी के 10 रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु चयन-** कार्यालय द्वारा पत्रावली में प्रस्तुत टिप्पणी लिपिक वर्गीय कार्मिकों की वरिष्ठता सूची एवं वरिष्ठता कम में कार्मिकों की चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन समिति द्वारा किया गया। प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु सम्बन्धित नियमावली एवं शासनादेशों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार पात्र कार्मिकों की चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन किया गया तथा निम्नांकित उपयुक्त पाये गये मुख्य सहायकों को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु संस्तुति की जाती है।

   1) श्रीमती सावित्री तोमर
   2) श्री जयेन्द्र सिंह नेगी
   3) श्री जय प्रकाश बहुगुणा
   4) श्री होश राम
   5) श्री उम्मेद सिंह
   6) श्री घनश्याम वर्मा
   7) श्री राजेन्द्र सिंह पंवार
   8) श्री पीताम्बर दत्त खण्डूरी

---

श्री ओम प्रकाश, प्रवर सहायक एवं श्री टीका राम मंमगाई, प्रवर सहायक के सम्बन्ध में पत्रावली के टिप्पणी के पृष्ठ सं0 7,8,9 व 10 पर अंकित विवरण के अनुसार उक्त दोनों कार्मिकों को प्रवर सहायक से मुख्य सहायक के पद पर पदोन्नति के लिए विचार किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत नियमावली एवं



7/2/13

शासनादेशों में किये गये प्राविधानों के अनुरूप उक्त दोनों कार्मिकों की पात्रता एवं चरित्र पंजिका के आधार पर उपयुक्तता पर विचार किया गया। दोनों कार्मिक मुख्य सहायक के पद पर पदोन्नति के लिए पात्र एवं उपयुक्त पाये गये। अतएव समिति श्री ओम प्रकाश, प्रवर सहायक एवं श्री टीका राम मंमगाई, प्रवर सहायक को मुख्य सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु संस्तुति करती है।

श्री ओम प्रकाश, प्रवर सहायक एवं श्री टीका राम मंमगाई, प्रवर सहायक के मुख्य सहायक के पद पर पदोन्नति होने पर तथा योगदान करने पर पत्रावली में प्रस्तुत नियमावली एवं शासनादेशों में किये गये प्राविधानों के अनुरूप दोनों कार्मिकों को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु पात्रता एवं चरित्र पंजिका के आधार पर उपयुक्तता पर विचार किया गया। दोनों कार्मिक मुख्य सहायक के पद से प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु पात्र एवं उपयुक्त पाये गये। अतएव समिति श्री ओम प्रकाश एवं श्री टीका राम मंमगाई को मुख्य सहायक के पद पदोन्नति एवं कार्यभार ग्रहण करने पर प्रशासनिक अधिकारी के पद पद पदोन्नति हेतु संस्तुति करती है।

4. **मुख्य सहायक के रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु चयन–** कार्यालय द्वारा पत्रावली में प्रस्तुत टिप्पणी लिपिक वर्गीय कार्मिकों की वरिष्ठता सूची एवं वरिष्ठता कम में कार्मिकों की चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन समिति द्वारा किया गया। मुख्य सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु सम्बन्धित नियमावली एवं शासनादेशों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार कार्मिकों की पात्रता पर विचार किया गया। मुख्य सहायक के पदों पर पदोन्नति हेतु वरिष्ठता कम में उपलब्ध वरिष्ठ प्रवर सहायकों में से श्री राम सिंह खाती की सेवा प्रवर सहायक के पद पर तीन वर्ष पूरी है एवं कुल सेवा अवधि भी 10 वर्ष से अधिक है। वरिष्ठता कम के अन्य 4 कार्मिकों की कुल सेवा अवधि 10 वर्ष से अधिक है किन्तु प्रवर सहायक के पद पर तीन वर्ष पूर्ण नहीं है। वरिष्ठता कम में कनिष्ठ श्री मायाराम तोमर की सेवा प्रवर सहायक के पद पर तीन वर्ष पूरी है एवं कुल सेवा 10 वर्ष से अधिक है, किन्तु पदोन्नति हेतु उन्हें पात्रता सूची में सम्मिलित किया जा सकता है अथवा नहीं कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये नियमावली एवं शासनादेशों से स्पष्ट नहीं है। अतः मुख्य सहायक के रिक्त पदों के लिए चयन के लिए शासनादेश एवं नियमावली से पात्रता के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट कर अगली चयन समिति की बैठक में विचार किये जाने की संस्तुति की जाती है।

5. **प्रवर सहायक के रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु चयन–** इस समिति द्वारा श्री ओम प्रकाश, प्रवर सहायक एवं श्री टीकाराम मंमगाई, प्रवर सहायक की पदोन्नति मुख्य सहायक के पद पर किये जाने की संस्तुति की जा रही है। उक्त कार्मिकों के पदोन्नति के फलस्वरूप प्रवर सहायक के 2 पद रिक्त होंगे। कार्यालय द्वारा पत्रावली में प्रस्तुत टिप्पणी लिपिक वर्गीय कार्मिकों की वरिष्ठता सूची एवं वरिष्ठता कम में कार्मिकों की चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन समिति द्वारा किया गया। प्रवर सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु सम्बन्धित नियमावली एवं शासनादेशों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार पात्र कार्मिकों की चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन किया गया तथा पात्र एवं उपयुक्त पाये गये श्री राम स्वरूप डबराल, कनिष्ट

सहायक एवं श्री राम चन्द्र चमोली, कनिष्ट सहायक को प्रवर सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु संस्तुति की जाती है।

6. **मानचित्रकार के एक रिक्त पद पर पदोन्नति हेतु चयन** – कार्यालय द्वारा पत्रावली में प्रस्तुत टिप्पणी रेखांकन संवर्ग की वरिष्ठता सूची एवं वरिष्ठता कम में कार्मिकों की चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन समिति द्वारा किया गया। मानचित्रकार के रिक्त एक पद पर पदोन्नति हेतु सम्बन्धित नियमावली एवं शासनादेशों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार पात्र कार्मिकों की चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन किया गया तथा श्री हरि प्रसाद टम्टा, ड्रेसर को मानचित्रकार के पद पर पदोन्नति हेतु पात्र एवं उपयुक्त पाया गया। श्री हरि प्रसाद टम्टा, ड्रेसर को मानचित्रकार के पद पर पदोन्नति हेतु संस्तुति की जाती है।

**(डी0 एस0 नेगी)**
डिप्टी कलैक्टर देहरादून
(जिलाधिकारी, देहरादून द्वारा नामित)

**(पी0के0सिंह)**
उप निदेशक, ई0एस0ए0,
जलागम प्रबन्ध निदेशालय,
देहरादून

**(अमर सिंह)**
मुख्य वित्त अधिकारी,
जलागम प्रबन्ध निदेशालय,
देहरादून

**(डब्ल्यू0लोंग्वाह)**
परियोजना निदेशक, प्रशासन,
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून

7/2/13

**(विनीत कुमार पांगती),**
परियोजना निदेशक,
जलागम प्रबन्ध परियोजना,
गढ़वाल क्षेत्र मुनिकीरेती

**कार्यालय मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून।**

पत्रांक : 901 / 5-2-2(1)    दिनांक : फरवरी 07, 2013

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1– मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून।

2– समस्त चयन समिति सदस्य।

**(विनीत कुमार पांगती),**
परियोजना निदेशक,
जलागम प्रबन्ध परियोजना,
गढ़वाल क्षेत्र मुनिकीरेती